हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026

11 मांगों को लेकर गरजे टूरिज्म विभाग के कर्मचारी...



12 सीड बॉल बना विद्यार्थियों ने दिया हरित हरियाणा का...




## खबर संक्षेप

### स्कूल बसों और ड्राइविंग के समय मोबाइल फोन सुनने वालों के चालान

**नारनौंद।** पुलिस ने नारनौंद के पुराने बस स्टैंड पर वाहनों की चेकिंग की। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज रामनिवास चहल ने बताया कि इस दौरान निजी स्कूलों की तीन बसों के चालक बिना सीट बेल्ट के बस को चलाते मिले और एक बस पर नंबर प्लेट ही नहीं लगी थी। सभी का चालान किया गया है।एक युवक वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग कर रहा था। उसका भी चालान कर ड्राइविंग लाइसेंस को रद करने की सिफारिश भी गई है। पांच चालक बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे, उनका भी चालान किया गया है।

### कौथ खुर्द मारपीट मामले में दो युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** कौथ खुर्द में दो पक्षों के बीच में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयोग दो लाठी-डंडे भी बरामद किए गए हैं। एसआई कर्मबीर ने बताया कि कौथ खुर्द निवासी गुरमीत ने शिकायत दी थी कि 24 जून को वह घर पर खाना खाने आया था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उससे गाली-गलौज की और घर में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में शामिल सोनू और कुलदीप निवासी गांव कौथ खुर्द को गिरफ्तार कर लिया।

### दानपात्र से चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** थाना आदमपुर पुलिस ने शराब ठेके पर रखे दानपात्र से चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी सुनील कुमार निवासी चौधरीवाली को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी एसआई हरीश कुमार ने बताया कि शराब ठेकेदार जसविंद्र की शिकायत पर दानपात्र से नकदी चोरी होने के संबंध में मामला दर्ज किया गया था।

### 24 घंटे में चोरी का आरोपी काबू, तीन फोन बरामद

**हांसी।** बस स्टैंड पुलिस चौकी ने महज 24 घंटे के भीतर घर में हुई चोरी का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी के तीन फोन भी बरामद हुए हैं। आरोपी की पहचान न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी रोहित के रूप में हुई है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि न्यू सुभाष नगर निवासी एक महिला ने 13 जुलाई को बस स्टैंड चौकी में घर से तीन फोन, 25 हजार रुपये की नकदी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पाजेब तथा अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी।

### सीईई का परिणाम घोषित सूची वेबसाइट पर जारी

**हिसार।** सेना भर्ती कार्यालय ने कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2026-27 का परिणाम घोषित कर दिया है। भर्ती निदेशक ने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन, महिला सैन्य पुलिस, सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट (वेटरिनरी), सिपाही फार्मा, धार्मिक शिक्षक (जूनियर कमीशंड अधिकारी) तथा हवलदार (शिक्षा) श्रेणियों के चयनित अभ्यर्थियों की सूची भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपलोड कर दी गई है।

### 7 पेटी अवैध देशी शराब सहित बोलेरो गाड़ी जब्त

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने 7 पेटी अवैध देशी शराब बरामद कर एक बोलेरो गाड़ी को कब्जे में लिया है। पीएसआई सुनील बूरा अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान मुकलान से देवा रोड पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक बोलेरो को रुकवा तलाशी ली तो गाड़ी से 7 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। चालक की पहचान मुकलान के संजय पुत्र धूप सिंह के रूप में हुई।

# डॉ. चंद्रा के पिता का पार्थिव शरीर ला रहा चार्टर्ड विमान कैट लाइट से टकराया

## बड़ा हादसा टलाः विंग क्षतिग्रस्त, कई कैट लाइटें टूटीं, सभी सवार सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह एक बड़ा विमान हादसा होने से बाल-बाल बच गया। एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका के पार्थिव शरीर को मुंबई से लेकर आ रहा चार्टर्ड विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया। विमान में डॉ. सुभाष चंद्रा के परिवार के सदस्य भी सवार थे। राहत की बात यह रही कि पायलट समेत विमान में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। हिसार एयरपोर्ट पर हुई घटना की सूचना स्थानीय अधिकारियों ने डीजीसीए को दे दी है। अब डीजीसीए की टीम जांच के लिए हिसार पहुंचेगी। उधर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित हो रहे हिसार एयरपोर्ट पर विमान की गलत लैंडिंग की इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और उड़ान संचालन से जुड़े प्रोटोकॉल पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की निगाहें डीजीसीए की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह साफ हो पाएगा कि यह हादसा पायलट की मानवीय भूल थी या कोई तकनीकी खराबी।



### निर्धारित रनवे से पहले हुआ लैंड

मिली जानकारी के अनुसार, विमान को एयरपोर्ट की मुख्य हवाई पट्टी पर उतरना था, लेकिन पायलट ने निर्धारित स्थान से पहले ही विमान को लैंड करा दिया। इसे शुरुआती तौर पर प्री-लैंडिंग का मामला माना जा रहा है। समय से पहले लैंडिंग होने के कारण विमान बंद पड़े पुराने रनवे और एप्रोच क्षेत्र की ओर चला गया, जहां रनवे मार्गदर्शन के लिए लगी कैट लाइट से विमान का बायां पंख टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैट लाइट विमान के पंख को चीरते हुए अंदर तक घुस गई। इस हादसे में विमान के पंख को काफी नुकसान पहुंचा है और रनवे की कई कैट लाइटें भी टूट गईं।

### डीजीसीए के विशेषज्ञ करेंगे हादसे की जांच

महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के निदेशक ओ.पी. सैनी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, पायलट द्वारा निर्धारित बिंदु से पहले विमान उतारने के कारण यह हादसा हुआ। इसकी सूचना तुरंत डीजीसीए को दे दी गई है। डीजीसीए की विशेषज्ञ टीम जल्द ही हिसार पहुंचकर इस पूरे घटनाक्रम की तकनीकी जांच करेगी। जांच पूरी होने तक विमान को एयरपोर्ट परिसर में ही ग्राउंडेड रखा जाएगा। एयरपोर्ट प्रशासन ने साफ किया कि इस हादसे से नियमित हवाई सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा है, क्योंकि मंगलवार को हिसार एयरपोर्ट से कोई व्यावसायिक उड़ान निर्धारित नहीं थी। केवल गोयनका परिवार की दो चार्टर्ड उड़ानों का संचालन होना था।



### अंतिम दर्शन के लिए लाया गया पार्थिव शरीर, आज अग्रोहा में अंतिम संस्कार

बता दें कि 96 वर्षीय उद्योगपति नंदकिशोर गोयनका का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया था। विशेष चार्टर्ड विमान से उनके पार्थिव शरीर को मंगलवार सुबह हिसार एयरपोर्ट पर लगाया गया। इसके बाद पार्थिव शरीर को मोहना मंडी स्थित उनके पैतृक आवास पर अंतिम दर्शनों के लिए लाया गया, जहां विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को अग्रोहा धाम स्थित गोयनका उद्यान में किया जाएगा।



### नंद किशोर गोयनका को दी श्रद्धांजलि

एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता नंद किशोर गोयनका के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, स्वामी रामदेव, कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा सांसदों, नेताओं और उद्योगपतियों ने शोक जाहिर किया है। पीएम मोदी ने पूर्व सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा को भेजे अपने शोक संदेश में लिखा कि नंद किशोर गोयनका जी के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं आपके व पूरे परिवार के साथ हैं। योग गुरु स्वामी रामदेव ने नंद किशोर गोयनका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि नंद किशोर गोयनका केवल एक परिवार के मुखिया नहीं थे, बल्कि राष्ट्रवाद, स्वदेशी, सनातन संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के जीवंत प्रतीक थे। उधर, आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अपने शोक संदेश में कहा कि नंद किशोर गोयनका आरएसएस के समर्पित स्वयंसेवक रहे और वे जीवनपर्यंत गोसेवा सहित विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे।

#### अपूर्णीय क्षति हुई है : अंजनी खारियावाला

अग्रसेन भवन ट्रस्ट की ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला की अध्यक्षता में भवन कार्यालय में शोक बैठक हुई जिसमें शोक प्रस्ताव पारित करते हुए एस्ऐल ग्रुप के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता प्रख्यात गौभक्त व समाजसेवी नंदकिशोर गोयनका के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी खारियावाला ने शोक संदेश में कहा कि दिवंगत नंदकिशोर गोयनका का समूचा जीवन समाजसेवा को समर्पित रहा। उनके निधन से समाज, राष्ट्र एवं गोसेवा के क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति हुई है। बैठक में रामनिवास कोहलीवाला, प्यारेलाल लाहौरिया, प्रवीन गर्ग, एन.के.गोयल, रामकुमार, जगदीश तायल, सुरेन्द्र दुर्जनपुरिया, निरंजन गोयल, रम्मी गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे। नगर निगम के मुख्य सभागार में शोक सभा कर उन्हें दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। जिसमें मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा सहित पार्षद, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीएम की जींद रैली में गूंजेगा चानौत का जल मुद्दा

## पानी की मांग को लेकर 60वें दिन भी जारी रहा धरना, पीएम की रैली को लेकर महापंचायत आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड स्थित गांव चानौत में भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग को लेकर चल रहा ग्रामीणों का धरना मंगलवार को 60वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन को लगातार आसपास के गांवों का समर्थन मिल रहा है। मंगलवार को कंवारी गांव से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए आंदोलन को और मजबूती देने का भरोसा दिलाया। धरना कमेटी प्रवक्ता अनूप ने बताया कि पिछले 60 दिनों से ग्रामीण लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि अब आंदोलन का अगला चरण 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली में टी-कनेक्शन की मांग को प्रमुखता से उठाने का होगा। धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने दोहराया कि जब तक भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग पूरी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने आसपास के गांवों, खाप पंचायतों और किसान संगठनों से भी आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर समर्थन देने की अपील की।



हांसी। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते धरने पर बैठी महिलाएं व ग्रामीण।

### 30 महिलाओं का जत्था रवाना होगा आज

अनूप ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 30 महिलाओं का पहला जत्था जींद के लिए रवाना होगा। इसके बाद आने वाले दिनों में ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि और किसान संगठनों के सदस्य भी बड़ी संख्या में रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी मांग रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अमृत-2 योजना को केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त योजना बता रही है। ग्रामीण पहले मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं, लेकिन भाखड़ा पाइपलाइन से चानौत को टी-कनेक्शन देने की मांग स्वीकार नहीं की गई। इसी कारण अब ग्रामीणों ने अपनी मांग सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने का फैसला किया है।

### सरकार ने मांगें न मानी तो तेज करेंगे आंदोलन

भाखड़ा पाइपलाइन से टी-कनेक्शन की मांग को लेकर जल आंदोलन संघर्ष समिति ने 15 जुलाई को चानौत गांव में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न खाप पंचायतों, किसान संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और आसपास के गांवों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। महापंचायत में आंदोलन की आगामी रणनीति तथा 17 जुलाई को जींद में आयोजित प्रधानमंत्री की रैली को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही सरकार से मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज करने सहित कई अहम निर्णय लिए जा सकते हैं। संघर्ष समिति ने घोषणा की कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद में प्रस्तावित रैली के दौरान बड़ी संख्या में आंदोलनकारी पहुंचेंगे।

# बेलदार पर जानलेवा हमले के दोषी को 10 साल कैद, 50 हजार जुर्माना

■ मजदूरी के पैसे नहीं देने पर ईंट से किए थे कई वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने चौधरीवास के जलघर पर तैनात बेलदार पर ईंट से जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी करार रवि उर्फ लफिया को दस साल कैद तथा 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार आजाद नगर थाना पुलिस ने 18 अक्टूबर 2021 को केस दर्ज किया था। चौधरीवास निवासी जितेंद्र ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसके चाचा बाबूलाल गांव के जलघर नंबर 2 में बेलदार के पद पर कार्यरत हैं। बाबूलाल 17 अक्टूबर 2021 को सुबह करीब छह बजे पानी की सप्लाई शुरू करने गए। इसी दौरान गांव निवासी रवि उर्फ लफिया वहां पहुंचा और मजदूरी के पैसे मांगने लगा। बाबूलाल ने कहा कि उन्होंने उसे काम पर नहीं लगाया, इसलिए भुगतान का सवाल नहीं उठता।

इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तब रवि ने पास पड़ी ईंट उठाकर बाबूलाल के सिर पर कई वार किए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आस-पास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। आजाद नगर थाना पुलिस ने इस संबंध में जानलेवा हमला करने का केस दर्ज किया था।

### लोहे की चादर गिरी, हाथ कटा; खून बहने से मौत

**हिसार।** हांसी क्षेत्र में सोमवार शाम को एक दर्दनाक हादसे में 48 वर्षीय लोडिंग वाहन चालक विनोद की मौत हो गई। मूल रूप से डाबड़ा गांव के रहने वाले और वर्तमान में न्यू मॉडल टाउन निवासी विनोद सोमवार को हांसी में अपने वाहन में लोहे की चादरें लोड करवा रहा था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया और एक भारी लोहे की चादर उनके ऊपर आ गिरी, जिससे उसका हाथ कट गया। अत्यधिक खून बहने के कारण उन्हें पहले हांसी और फिर हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# विवाहिता की मौत पर अस्पताल में हंगामा

## ससुरालियों पर जबरन जहर पिलाकर हत्या का आरोप, पति, जेठ और सास के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जींद जिले के गांव करसिंदू में 40 वर्षीय विवाहिता गीता की जहर के प्रभाव से हुई संदिग्ध मौत के मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह स्थानीय नागरिक अस्पताल में उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर जबरन जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए शव लेने से साफ इनकार कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए।

इस संबंध में उचाना पुलिस ने मृतका के भाई अशोक की शिकायत पर पति रणवीर, जेठ धर्मबीर, कर्मबीर और सास फूली देवी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फोन पर सुनाई दे रहा था झगड़ा फिर कट गया फोनः अशोक

मृतका के भाई अशोक ने बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे गीता का फोन आया था। उसने रोते हुए बताया कि उसका पति रणवीर दूध में सल्फास की गोलियां मिलाकर उसे जबरन पिला रहा है। काफी देर तक फोन पर बातचीत होती रही और पीछे से झगड़े की आवाजें आ रही थीं। हमने रणबीर को समझाने की कोशिश की कि सुबह आकर बात करते हैं, लेकिन उसने एक न सुनी और कुछ देर बाद फोन कट गया। इसके थोड़ी देर बाद ससुराल वालों ने मायके पक्ष को फोन कर सूचना दी कि गीता ने जहर खा लिया है और उसे उचाना अस्पताल ले जा रहे हैं। परिजन तुरंत उचाना पहुंचे, जहां से गीता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हिसार के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन हिसार पहुंचते-पहुंचते गीता ने दम तोड़ दिया।

### 18 साल पहले हुई थी शादी

मूल रूप से उकलाना ब्लॉक के भैरी अकबरपुर निवासी और वर्तमान में चंडीगढ़ में रहने वाले भाई अशोक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसने अपनी बहन गीता की शादी करीब 18 साल पहले करसिंदू निवासी रणवीर के साथ की थी। गीता के तीन बेटियां और एक बेटा है। आरोप है कि आरोपी पति रणवीर शराब पीने का आदी है और अक्सर नशे में गीता के साथ मारपीट करता था। इस प्रताड़ना में उसकी सास फूली देवी और जेठ धर्मबीर व कर्मबीर भी शामिल थे। इस विवाद को लेकर पहले भी कई बार सामाजिक पंचायतें हुईं, लेकिन ससुराल वालों के रवैये में कोई सुधार नहीं आया।

### मानसिक रूप से परेशान बुजुर्ग ने किया आत्मदाह

**हिसार।** गांव बूरे बाड़्या में सोमवार सुबह 83 वर्षीय बुजुर्ग चंद्र ने खुद पर तेल छिड़ककर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसी हालत में परिजन उन्हें इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां देर शाम उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मंगाली पुलिस चौकी के जांच अधिकारी एएसआई विक्रम सिंह ने बताया कि बुजुर्ग चंद्र काफी समय से दिमागी रूप से परेशान चल रहे थे और अपने बड़े बेटे राजकुमार के पास रहते थे। सोमवार को जब परिवार के सदस्य काम पर गए थे, तब उन्होंने खुद को आग लगा ली।

## 2.26 किमी सड़क पीडब्ल्यूडी को सौंपने की प्रक्रिया शुरू

# सातरोड खुर्द-सातरोड कलां मार्ग के चौड़ीकरण को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सातरोड खुर्द से सातरोड़ कलां (वाया जनक फैक्ट्री) मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का इंतजार कर रहे ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत की खबर है।

मुख्यमंत्री की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमवी) ने इस सड़क को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को हस्तांतरित करने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस फैसले से सड़क के उन्नयन और चौड़ीकरण के कार्य को अब तेजी मिलेगी।

### 12 साल पुरानी सड़क का बदलेगा रूप

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि सातरोड़ खुर्द से सातरोड़ कलां वाया जनक फैक्ट्री के रास्ते को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क वर्ष 2012 में बनाई गई थी। वर्तमान में लगभग 2.26 किलोमीटर लंबी इस सड़क की चौड़ाई महज 12 फुट है। समय के साथ बढ़ते यातायात और वाहनों के दबाव के कारण स्थानीय ग्रामीणों तथा ग्राम पंचायत द्वारा इस सड़क को चौड़ा करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी, ताकि हादसों से बचा जा सके और आवागमन सुगम हो।

### कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

सड़क हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू होते ही कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क के चौड़ीकरण और उन्नयन का एस्टीमेट जल्द तैयार किया जाए। भविष्य में इसके रखरखाव और मरम्मत की उचित रूपरेखा अभी से तय की जाए ताकि कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

### क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ा होने से न केवल सातरोड़ खुर्द और सातरोड़ कलां, बल्कि इसके आसपास के कई ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को रोजाना के सुरक्षित सफर की सौगात मिलेगी। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी होने से क्षेत्र में व्यापार, आवागमन और विकास कार्यों को एक नई रफ्तार मिलेगी।

### सर्पदंश से घायल छात्रा की हालत में सुधार वेंटिलेटर से हटाया

**बरवाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय पाबड़ा के छात्रावास में चार दिन पूर्व रात के समय सर्पदंश से गंभीर रूप से घायल हुई 11वीं कक्षा की छात्रा की सेहत में अब सुधार हो रहा है। चिकित्सकों ने उसकी स्थिति में सुधार को देखते हुए उसे वेंटिलेटर से हटा दिया है। विद्यालय के पूर्व छात्रों के संगठन नवोदय शक्ति के पदाधिकारी अग्रोहा मेडिकल कॉलेज पहुंचकर छात्रा का कुशलक्षेम जाना। संगठन के प्रधान पवन सिंगला, संरक्षक लक्ष्मण श्योराण, मीडिया प्रभारी अजय लोहान, उत्तमपाल, कुलजीत, रणदीप, नरेंद्र और मनोज कुंडू सहित अन्य सदस्यों ने अस्पताल में उपचार की जानकारी ली और विद्यालय प्रशासन से भी मुलाकात कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की।



नारनौंद। राखी गढ़ी में अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलाकर दुकानों को तोड़ते हुए।

### राखीगढ़ी की अवैध कॉलोनी में तोड़े मकान

**नारनौंद।** हड़प्पाकालीन सभ्यता को लेकर पूरे देश में प्रसिद्ध ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में टाउन प्लानिंग विभाग की तरफ से एक अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाकर मकानों को तोड़ दिया गया। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। गांव राखी गढ़ी में नारनौंद से उचाना सड़क मार्ग पर 11 एकड़ भूमि में कुछ लोगों ने अवैध कॉलोनी काटकर वहां पर सड़क भी बनाई हुई थी। कुछ लोगों ने वहां पर दुकान और मकान बनाने शुरू कर दिए थे। टाउन प्लानिंग विभाग को इनकी शिकायत मिली थी। उसी आधार टाउन प्लानिंग विभाग के डीटीपी दिनेश कुमार के आदेशों पर नारनौंद के खंड पंचायत विकास अधिकारी सत्यवान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया ओर विभाग के जेई सचिन के नेतृत्व में गांव की अवैध कॉलोनी पर मंगलवार को पीला पंजा चलाने की कार्रवाई की गई। कॉलोनी में बनाई गई सभी सड़के और दुकान पर पीला पंजा चलाकर तोड़ दी गई। इस दौरान भारी पुलिस बल को भी तैनात किया गया था।



# गोलमाल के 20 साल पूरे होने का मनाया जश्न...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अजय देवगन ने मंगलवार को अपनी सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'गोलमाल' के 20 साल पूरे होने पर खुशी जताई है। इसी के साथ अजय ने सोशल मीडिया पर फिल्म की पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने 'गोलमाल' के इस सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई मोशन वीडियो साझा किए हैं। इसी के साथ अजय ने लिखा कि दो दशक पहले शुरू हुआ यह सफर आज भी लोगों को उतनी ही हंसी और खुशी दे रहा है। उन्होंने फिल्म के किरदारों की कुछ मजेदार तस्वीरें भी साझा की हैं। अजय ने लिखा, 'गोलमाल शुरू किए हुए 20 साल हो गए और इसका मजा आज भी वैसा ही है।'

लाइफ Style



# आलिया

## तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर हुईं ट्रोल

तुम्बाड 2 के मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट करके बताया कि फिल्म में आलिया भट्ट भी एक अहम किरदार निभाएंगी। फिल्म में आलिया की कास्टिंग सोशल मीडिया यूजर्स को पंसद नहीं आई, इस वजह से एक्ट्रेस को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद फिल्म 'तुम्बाड 2' से आलिया भट्ट भी जुड़ गई हैं। इस हॉरर-थ्रिलर फिल्म में वह एक अहम किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म से जुड़कर आलिया भट्ट भी काफी खुश हैं। लेकिन, पहली फिल्म 'तुम्बाड'को पसंद करने वाले फैंस दूसरे पार्ट में आलिया की कास्टिंग से नाराज नजर आ रहे हैं। वह मेकर्स के डिसीजन को गलत बता रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने आलिया भट्ट को तुम्बाड 2 का हिस्सा बनने पर कई वजहों से ट्रोल किया है। एक यूजर ने लिखा, आलिया से तुंबाड 2 को बचाओ। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, फिल्म 'तुंबाड' अपनी कहानी कहने के अंदाज, विजन और उन कलाकारों के जबरदस्त काम की वजह से एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिन्हें बॉलीवुड के बड़े कैंप्स का सपोर्ट नहीं था। एक फैन के तौर पर यह देखना निराशाजनक है कि इतनी अनोखी फ्रैंचाइजी अब मेनस्ट्रीम स्टार पावर की तरफ झुक रही है। मुझे बस उम्मीद है कि 'तुंबाड 2' अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी और काबिल कलाकारों को चमकने का मौका देगी। एक अन्य यूजर ने भी नाराजगी जताते हुए लिखा, 'प्लीज आलिया को कास्ट मत करो।

## हॉलीवुड मसाला



# डिगर में दिखे अलग अंदाज में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड हीरो टॉम क्रूज अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में टॉम क्रूज काफी अलग अंदाज में दिखे हैं। यह फिल्म 02 अक्टूबर को रिलीज होगी। अभिनेता का एक ऐसा अवतार, जैसे उन्हें पहले कभी पर्दे पर नहीं देखा गया। एक्शन हीरो टॉम क्रूज पर्दे पर आते हैं तो अलग ही रौब नजर आता है, साथ ही उनका लुक भी दमदार होता है। दमदार से यहां मतलब है कि फिटनेस से लेकर फैशन सेंस तक सब कुछ एकदम टिपटॉप।



# पॉल ने गर्लफ्रेंड नताली को बनाया जीवनसाथी...

**लॉस एंजिल्स।** 'द वैम्पायर डायरीज' में स्टीफन साल्वाटोर का किरदार निभाने के लिए मशहूर एक्टर पॉल वेस्ली ने अपनी लंबे समय की पार्टनर नताली कुकेनबर्ग से शादी कर ली है। इस जोड़े ने एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की, जिसमें सिर्फ एक मिनिस्टर और उनका पालतू कुत्ता, ग्रेग शामिल थे। कुकेनबर्ग ने इंस्टाग्राम पर इस खबर की घोषणा की और समारोह की कई तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिस्टर एंड मिसेज एंड द बेस्ट बॉय ग्रेग।' इसमें उन्होंने कपल के कुत्ते का जिक्र किया, जो समारोह का हिस्सा था। शादी का कार्यक्रम बेहद निजी था, जिसमें सिर्फ शादी कराने वाले मिनिस्टर और ग्रेग ही मौजूद थे। मेहमानों की लिस्ट छोटी रखने के बावजूद, इस जोड़े ने शादी के लिए क्लासिक वेडिंग लुक चुना।



# अनुराधा ने लता संग विवाद पर तोड़ी चुप्पी...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर्स में से है अनुराधा पौडवाल की एक समय पर स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से तुलना की जाती थी। इसी तुलना ने एक विवाद को जन्म दिया जिसमें कहा जाता था कि लता मंगेशकर ने अनुराधा को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। अब इस पर अनुराधा ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में उन्होंने कहा है कि वो मेरी गुरु जैसी हैं और गुरु की कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं मानती हूं कि गुरु की कोई बराबरी नहीं करता। गुरु को फॉलो किया जाता है, उनकी पूजा की जाती है। दूसरी बात लोगों की सोच ही ऐसी है, क्योंकि वे हमारी तुलना करते हैं, इसीलिए उनको ये सुनने में स्पाइसी लगता है कि उन्होंने मुझे आगे नहीं बढ़ने दिया'। उन्होंने कहा कि उनका आर्ट जिस बुलंदी पर था तो उस बुलंदी के नजदीक तो आना चाहिए ना, तब तो तुलना होगी।



# अनुराग ने की मलयालम फिल्म की तारीफ

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्ममेकर अभिनव सुंदर नायक की फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' की तारीफ की है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही इसे साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक बताया था। अनुराग ने हाल ही में अभिनव के साथ उनके घर पर 2022 की इस मलयालम ब्लैक कॉमेडी फिल्म को देखा और बाद में एक शानदार रिव्यू में इसे जबरदस्त फिल्म बताया। अब अभिनव सुंदर नायक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अनुराग कश्यप के घर पर एक दोपहर बिताई, जिसमें फिल्मों, इंडस्ट्री और अपनी हालिया डायरेक्टोरियल फिल्म 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्स' पर बातचीत हुई। यह दिन मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।

## टीवी मसाला

# कुमकुम के 24 साल पूरे, जूही ने साझा किया खास वीडियो

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'कुमकुमः एक प्यारा सा बंधन' के प्रसारण को 15 जुलाई को पूरे 24 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके पर शो की मुख्य अभिनेत्री जूही परमार ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी और दर्शकों के प्रति आभार जाहिर किया है। जूही परमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह शो के मशहूर टाइटल ट्रैक पर नाचती नजर आ रही हैं। भावुक होकर उन्होंने लिखा, 'कुछ कहानियां कभी खत्म नहीं होतीं... वे बस लोगों के दिलों में जिंदा रहती हैं।' जूही ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, '15 जुलाई को जब 'कुमकुम' के 24 खूबसूरत साल पूरे हो रहे हैं, तो मेरा दिल आभार से भरा हुआ है। यह सचमुच अद्भुत है कि इतने कई साल बाद भी आपका प्यार उतना ही गहरा और खास है।' जूही ने आगे लिखा कि आज भी फैंस के मैसेज, शो की यादें और टाइटल ट्रैक गुनगुनाना उन्हें यह एहसास दिलाता है कि यह सिर्फ एक टीवी शो नहीं था, बल्कि लोगों के परिवारों और दिलों का एक बेहद करीबी हिस्सा बन चुका था। इतने साल बीत जाने के बाद भी दर्शकों का प्यार इस शो के लिए बिल्कुल वैसा ही बना हुआ है। टीवी का लोकप्रिय शो 'कुमकुम' 15 जुलाई 2002 से 13 मार्च 2009 तक स्टार प्लस चैनल पर प्रसारित हुआ था। इस शो में जूही परमार ने कुमकुम और हुसैन कुवाजेरवाला ने सुमित की मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। सुमित और कुमकुम की जोड़ी को टीवी जगत की सबसे पसंदीदा और सुपरहिट जोड़ियों में गिना जाता है।



## लॉकअप 2 में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है। प्रतिभागियों के बीच खूब तकरार देखने को मिल रही है। वहीं, ड्रामा भी खूब हो रहा है। हालिया एपिसोड में शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चौधरी के बीच तीखी तकरार हुई, जिसमें दोनों एक-दूसरे से 'औकात' पर बात करती नजर आईं। दरअसल, हालिया एपिसोड में देखा गया था कि आकांक्षा चौधरी को कड़ी सजा सुनाई गई और उन्होंने लॉकअप जेल में एक दिन बिताया। जेल से बाहर आने के बाद शिल्पा शिंदे के साथ उनका झगड़ा हुआ है। लॉकअप हाउस को दो वर्गों में बांटा गया था- कंट्रोलर और 'डिपेंडेंट'। कंट्रोलर होने के चलते शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा के साथ पिछले वीक हुए झगड़े में अपमान का बदला लेने की पूरी कोशिश की। उन्होंने आकांक्षा से अपने बिस्तर की चादरें बदलने को कहा, लेकिन 'डिपेंडेंट' होने के बावजूद आकांक्षा ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। इससे दोनों के बीच झड़प हो गई। बहस के बीच शिल्पा शिंदे ने आकांक्षा से कहा, 'यही है तुम्हारी औकात है'।




# रणवीर प्रलय की शूटिंग के बीच लेंगे पैटरनिटी लीव ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इस साल आई उनकी फिल्म धुरंधर ने ग्लोबल स्तर पर तक छाप छोड़ी है। इंडियन बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। अब आने वाले समय में रणवीर अपनी दूसरी बड़ी फिल्म प्रलय की शूटिंग में बिजी होने वाले हैं। इस के अलावा एक दोबारा से पापा बनने के बाद एक्टर एक लंबी पैटरनिटी लीव पर जा सकते हैं। रणवीर सिंह अपने करियर की बड़ी फिल्म प्रलय को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में बने हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट सामने आ गई है। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट की मानें रणवीर अगले महीने यानी अगस्त 2026 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। लेकिन वो ये शूटिंग अगले दो महीनों तक ही करेंगे। इसके बाद पत्नी दीपिका पादुकोण की दूसरी डिलीवरी होनी है। ऐसे में एक्टर दीवाली के आस पास फिल्म प्रलय और अन्य प्रोजेक्ट्स से ब्रेक लेकर पैटरनिटी लीव लेंगे। इस दौरान रणवीर अपनी बेटी दुआ और पत्नी दीपिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे और नए सदस्य का स्वागत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया रणवीर पैटरनिटी लीव के बाद साल 2027 में ही प्रलय का काम फिर से शुरू करेंगे। रणवीर सिंह अपने करियर और निजी जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। साल 2024 में बेटी दुआ के जन्म के बाद साल 2025 और 2026 में धुरंधर और धुरंधर 2 के धमाके ने इंडस्ट्री हिला दी। अब आने वाले दिनों में रणवीर प्रलय में लीड किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर स्टारर प्रलय एक 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म होने वाली है।

# कर्ण से लेकर अश्वत्थामा तक, कल्कि 2 में खुलेंगे अनसुने रहस्य, महाभारत से कनेक्शन पर अश्विन की दो टूक

**नई दिल्ली।** साल 2024 में फिल्म कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन जॉनर वाली इस मूवी ने काफी लोकप्रियता हासिल की। प्रभास , अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी कल्कि का निर्देशन नाग अश्विन ने किया। लंबे समय से कल्कि 2 की चर्चा चल रही है। अब नाग ने अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि कर्ण और अश्वत्थामा जैसे किरदारों को लेकर पार्ट में क्या खास देखने को मिलेगा। जब फिल्म कल्कि के पार्ट-1 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया तब से लेकर अब तक महाभारत से इसको जोड़े जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले पर हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान नाग अश्विन ने अपनी दो टूक राय रखी है और कहा है- महाभारत के संदर्भों के उन सभी पहलुओं को कल्कि 2 में खासतौर पर स्पष्ट किया जाएगा, जिन पर अभी सवाल उठ रहे हैं। पार्ट 2 का इंतजार कीजिए। पहले आप लोग पार्ट 2 को आने तो दो, इसके बाद ही पता चल पाएगा कि हमने क्लाइमैक्स में क्या और क्यों दिखाया गया। कृपया महाभारत को ध्यान से पढ़िए, मुझे हमारे



इतिहास का अत्यंत सम्मान है और मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं। बता दें कि कल्कि 2898 एडी के क्लाइमैक्स में भैरव (प्रभास) के कर्ण का पुनर्जन्म होने का खुलासा होता है, जिसके बाद वह अश्वत्थामा (अमिताभ बच्चन) के साथ मिलकर धर्म की रक्षा करता नजर आता है। हालांकि, असली महाभारत का सार इससे थोड़ा विपरीत माना जाता है।

### कल्कि 2 की शूटिंग जारी

इतना ही नहीं नाग अश्विन ने इस बात का भी खुलासा किया है कि कल्कि 2 में पहले से और ज्यादा बड़े एक्शन सीक्वेंस और मिथकीय ब्रह्मांड का विस्तार दर्शाया जाएगा। बता दें कि फिल्म हैदराबाद में फिलहाल फिल्म की शूटिंग जारी है।

### कौन करेगा दीपिका को रिप्लेस

कल्कि 2898 एडी में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सुमति का अहम किरदार अदा किया था। अब जब वह कल्कि 2 का हिस्सा नहीं हैं तो इस मामले को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है कि वह कौन सी अभिनेत्री होगी, जो कल्कि पार्ट 2 में दीपिका को रिप्लेस करेगी। इसको लेकर आलिया भट्ट और साई पल्लवी जैसी अभिनेत्रियों के नाम भी सामने आए हैं, जिस पर अब नाग अश्विन ने तस्वीर साफ करते हुए कहा है- कल्कि 2 में सुमति के किरदार को कौन निभाएगा, इसकी घोषणा हमें करनी है। अभी जो कुछ भी चल रहा है, वह केवल अटकलें हैं। इतना तय है कि सुमति का किरदार कहानी का बेहद अहम हिस्सा रहेगा। नाग के इस बयान से साफ हो गया कि भैरव, सुप्रीम यास्किन (कमल हासन) और अश्वत्थामा के अलावा कल्कि 2 में कल्कि के किरदार को भी वरीयता दी जाएगी।

## डायरेक्टर ने की थी सुसाइड की कोशिश

# 1957 में आई इस ब्लॉकबस्टर के क्लाइमेक्स के हुए थे 104 रीटेक

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा की कई ऐसी फिल्में है जिनका नाम आज भी बेस्ट फिल्मों में गिना जाता है। आज हम आपकोएक ऐसी ही 69 साल पहले आई ब्लॉकबस्टर फिल्म के बारे में बता रहे हैं। फिल्म को डायरेक्ट किया था बॉलीवुड के महान एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर गुरु दत्त ने। इस फिल्म के पूरे होने से पहले एक ऐसी खबर आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था। ये खबर थी गुरु दत्त की सुसाइड की कोशिश की।*



### मजबूरी में एक्टिंग की थी

गुरु दत्त ने डायरेक्शन के साथ-साथ एक्टिंग भी की थी। पर क्या आप जानते हैं कि गुरु दत्त ने मजबूरी में फिल्म में एक्टिंग की थी। हुआ कुछ ऐसा था कि गुरु दत्त फिल्म में दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। उन्होंने दिलीप कुमार से मुलाकात भी। दिलीप कुमार ने फिल्म के लिए हां भी कर दिया था।फिल्म के लिए दिलीप कुमार ने अपनी फीस डेढ़ लाख रुपए बताई थी।

### दिलीप कुमार को कास्ट करना चाहते थे

फीस सुनने के बाद गुरु दत्त ने दिलीप कुमार से फीस कम करने का अनुरोध किया था। फीस कम करने की बात पर दिलीप कुमार ने गुरु दत्त से कहा कि उन्हें पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूंकि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, तो उनकी जान-पहचान वाले डिस्ट्रिब्यूटर्स फिल्म को ले लेंगे। इसपर गुरु दत्त ने कहा कि उनके जान पहचान के भी कुछ डिस्ट्रिब्यूटर्स हैं जिससे उन्होंने प्यासा का कमिटमेंट कर लिया है।

### *जान लेने की कोशिश की थी।*

*फिल्म की शूटिंग पूरे जोश से चल रही थी, लेकिन जब ये फिल्म पूरी होने वाली थी उसी वक्त मीडिया में एक हैरान करने वाली खबर आई थी। साल 1956 में फिल्म की शूटिंग अपने फाइनल स्टेज में थी और गुरु दत्त ने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि, बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी जान बचाई गई।*

***निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं :*** *गुरु दत्त जब इस फिल्म का शूट कर रहे थे, उनके निजी जीवन में भी परेशानियां चल रही थीं। गुरु दत्त और उनकी पत्नी गीता के बीच लड़ाई-झगड़े और दोनों के रिश्ते में दूरियां डायरेक्टर को परेशान कर रही थीं। इसका असर फिल्म के प्रोडक्शन में भी दिखा। कहा जाता है कि गुरु दत्त लगातार शूट करते रहते थे। इस फिल्म के क्लाइमेक्स का गुरु दत्त ने 104 बार रीटेक किया था। 104 रीटेक के बाद फिल्म का क्लाइमेक्स फाइनल हो पाया था।*

### 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है प्यासा। ये फिल्म गुरु दत्त के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक थी। आईएमडीबी के मुताबिक, प्यासा साल 1957 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में गुरु दत्त ही लीड रोल में नजर आए थे।

### जब शूटिंग पर नहीं पहुंचे दिलीप कुमार

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बातचीत के बाद भी दिलीप कुमार ने कहा कि वो शूटिंग पर आएंगे। हालांकि, जब फिल्म की शूटिंग शुरू होनी थी, उस दिन दिलीप कुमार सेट पर ही नहीं पहुंचे। गुरु दत्त ने किसी को दिलीप कुमार के घर भेजा, वहां जाकर पता चला कि दिलीप कुमार घर पर हैं ही नहीं। इसके बाद पता चला कि जिस कंपाउंड में प्यासा की शूटिंग होनी थी, उस कंपाउंड में नया दौर की शूटिंग चल रही है और दिलीप कुमार वहां पर हैं। गुरु दत्त ने दिलीप कुमार को मैसेज भिजवाया कि सब लोग सेट पर उनका इंतजार कर रहे हैं। दिलीप कुमार ने कहा कि वो 10 मिनट में आएंगे सेट पर, लेकिन दिलीप कुमार फिर भी नहीं आए। इसके बाद गुरु दत्त ने खुद इस फिल्म में एक्टिंग करने का फैसला लिया।

## खबर संक्षेप

### रैली की तैयारियों को लेकर उकलाना में बैठक

**उकलाना।** भाजपा ने 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जींद दौरे को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने उकलाना विधानसभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर रैली की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा रैली को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रिय जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया गया।

### लाखों कर्मियों एवं पेंशनर्स के आश्रितों को मिलेगा लाभ

**हिसार।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों, पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों के आश्रितों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए आय सीमा 3,500 प्रतिमाह से बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए सरकार एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है।

### बैंक प्रबंधन के खिलाफ डीसी से मिले किसान नेता

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील इकाई ने पूरे जिले में किसानों द्वारा बैंकों से कर्ज लेते समय ठीक बर्ताव न करके अपमानित किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। सभा के तहसील प्रधान रमेश मिरकां व सचिव अभय राम फौजी ने बताया कि इसका ताजा उदाहरण गंगवा गांव में स्थित एक बैंक की शाखा में देखने को मिला, जहां अनुसूचित जाति से सम्बंध रखने वाले किसान ने जब अपनी जमीन पर केसीसी की लिमिट बढ़ाने के लिए अनुरोध किया तो पहले उसे फाइल तैयार करवाने को कहा गया। फाइल पर उसके 20 हजार रुपये खर्च हुए। अब उसे बैंक में कहा गया कि उसे कर्ज नहीं मिल सकता।

### विकलांग अधिकार मंच ने सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** विकलांग अधिकार मंच की हांसी इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को प्रधान मनोज ठाकुर की अध्यक्षता में एकत्रित होकर मजिस्ट्रेट हिमांशु चौहान को विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। मंच ने प्रशासन से लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मंच के सचिव सुनील मजोका ने बताया कि प्रशासन द्वारा 'डेट ऑफ बर्थ वेरिफिकेशन' के नाम पर कई दिव्यांगजनों की पेंशन रोक दी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पीएचडी शोधार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के अनुसंधान एवं विकास निदेशालय द्वारा ग्रीष्मकालीन सत्र के नवप्रवेशित पीएचडी शोधार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. योगेश चाबा, अनुसंधान एवं विकास अधिष्ठाता प्रो. नीरज दिलबागी, 'स्वयं' समन्वयक डॉ. विवेक गुप्ता, इंडक्शन कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. पल्लवी तथा उप-पुस्तकालयाध्यक्ष एवं अनुसंधान नैतिकता विषय के प्राध्यापक डॉ. नरेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

### नमस्ते-डे पर वेस्ट पिकर को पीपीई किट वितरित की

**हिसार।** सेक्टर-14 स्थित कम्युनिटी सेंटर व सातरोड़ एमआरएफ सेंटर में 'नमस्ते-डे' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने वेस्ट पिकर को कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने वेस्ट पिकर को मास्क, ग्लव्स, जुते, हेलमेट, जैकेट सभी कर्मचारियों को पीपीई किट वितरित की गई, ताकि वे स्वच्छता कार्य के दौरान अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए स्वस्थ वातावरण में कार्य कर सकें।

## फ्लेमिंगो पर्यटन केंद्र पर दिया जोनल स्तरीय धरना

# मांगों को लेकर गरजे टूरिज्म विभाग कर्मचारी

**निजीकरण रोकने, नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों पर कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले चल रहे आंदोलन के तहत मंगलवार को फ्लेमिंगो पर्यटन केंद्र पर जोनल स्तरीय धरना आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान मोहन ने की, जबकि संचालन राज्य कमेटी के नेता सुनील कुमार ने किया। धरने में फ्लेमिंगो और ब्लू बर्ड पर्यटन केंद्र हिसार, बया पर्यटन केंद्र भिवानी, जींद, नरवाना, राई सहित विभिन्न पर्यटन केंद्रों के कर्मचारियों ने भाग लिया। धरने में कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पर्यटन निगम की संपत्तियों के निजीकरण पर रोक लगाने, पदोन्नति, चौथे दर्जे के कर्मचारियों के सेवा नियम बनाने, पुनर्नियुक्ति के लिए स्पष्ट नीति लागू करने, वेतन का केंद्रीकरण, स्टाफ मील के बढ़े हुए रेट वापस लेने, स्टाफ वर्दी भत्ता बढ़ाने तथा सूरजकुंड मेले की गिफ्ट सहित विभिन्न मांगों को लेकर पर्यटन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राज्य प्रधान कश्मीर सिंह, महासचिव सुभाष देसवाल, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेश नोहरा, कोषाध्यक्ष सुरेश पूनिया, उप महासचिव टीकाराम शर्मा, प्रेस सचिव वीरेन्द्र शर्मा, देवेंद्र कादयान व सुभाष ग्रेवाल ने कहा कि निगम प्रशासन राज्य कमेटी से वार्ता करने से बच रहा है, जिससे कर्मचारियों की लंबित मांगों का समाधान नहीं हो पा रहा। धरने को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक सैनी, जिला सचिव ओमप्रकाश माल, हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के राज्य उपप्रधान संदीप पुनिया, जिला सचिव दीपक मेहरा, जय कुमार, सुरेंद्र चहल, सन्नी सारसर, सुरेंद्र उर्फ गोलू, राजेश शर्मा, रमेश शर्मा, विनोद फौजी, सुरजीत सिंह, राकेश वशिष्ठ, पवन शर्मा, संदीप लाडवा, अमन यादव, रामू शर्मा, राजपाल, मनदीप और धर्मपाल सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया।


**हिसार।** मांगों के समर्थन में फ्लेमिंगो पर्यटन केंद्र में जोनल धरना देते टूरिज्म विभाग के कर्मचारी।

### मंत्री गंगवा के कैंप कार्यालय का घेराव 18 को

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने 18 जुलाई को लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित कैंप कार्यालय के घेराव की तैयारियां तेज कर दी हैं। घेराव को लेकर मंगलवार को आई.बी. मैकेनिकल ब्रांच, हिसार की कार्यकारिणी की बैठक संगठन कार्यालय में ब्रांच प्रधान विनोद फौजी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान विनोद फौजी ने कहा कि वर्ष 2025 में मंत्री रणबीर गंगवा के साथ हुई वार्ता में कर्मचारियों की मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक उन्हें लागू नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की वादाखिलाफी के कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि 18 जुलाई को प्रदेशभर से हजारों कर्मचारी हिसार पहुंचकर मंत्री के कैंप कार्यालय का घेराव करेंगे। बैठक में राज्य वरिष्ठ उपप्रधान अजय कुमार, जिला प्रधान ओमप्रकाश माल, आई.बी. मैकेनिकल ब्रांच प्रभारी सोनिया, सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक हिसार के संगठन सचिव करण नैन, ब्रांच प्रभारी रामू शर्मा, ब्रांच कोषाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर के पूर्व छात्र देवेंद्र बने साइंटिफिक ऑफिसर

- देवेंद्र का न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर के पूर्व छात्र देवेंद्र चोपड़ा ने अपने वैज्ञानिक बनने के सपने को साकार करते हुए भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में साइंटिफिक ऑफिसर पद पर चयनित होकर विद्यालय और हांसी का नाम रोशन किया है। देवेंद्र चोपड़ा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक श्री काली देवी विद्या मंदिर के नियमित छात्र रहे। वर्ष 2021 में उन्होंने विद्यालय से नॉन-मेडिकल संकाय में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने जेईई मेन्स में 98.5 परसेंटाइल हासिल कर एनआईटी कुरुक्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया। अपने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर वर्ष 2026 में उन्होंने अपने विभाग में डिपार्टमेंट रैंक-1 प्राप्त की। साथ ही गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 717 हासिल कर एनपीसीआईएल की चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त की। देशभर से लगभग 600 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स विषय में केवल 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें देवेंद्र चोपड़ा भी शामिल रहे। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद देवेंद्र भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग में साइंटिफिक ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। अपनी सफलता के बाद देवेंद्र चोपड़ा विद्यालय पहुंचे और प्राचार्या गीता मेहता से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि देवेंद्र की उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है तथा उनकी सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।


**हांसी।** साइंटिफिक ऑफिसर बने देवेंद्र चोपड़ा का मुंह मीठा करवाती स्कूल प्राचार्या।

**संस्कार और शिक्षा से मिली सफलता**

देवेंद्र चोपड़ा ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपने माता-पिता, गुरुजनों और श्री काली देवी विद्या मंदिर को देते हुए कहा कि विद्यालय से मिले संस्कार, शिक्षा और मार्गदर्शन ने उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का आत्मविश्वास दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति हनुमान सिंगला, प्राचार्या गीता मेहता व समस्त शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों ने देवेंद्र चोपड़ा और उनके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मोदी की रैली को लेकर गांव सुलचानी में चलाया जनसंपर्क अभियान

**कैप्टन अभिमन्यु के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने संभाली जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद में ऐतिहासिक रैली को संबोधित करेंगे। इसको लेकर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु द्वारा नारनौद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी निर्धारित किए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को गांव सुलचानी में भाजपा के जिला महामंत्री विजेंद्र लोहान, नारनौद मंडल अध्यक्ष, करमपाल दुहन, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन विजेंद्र शर्मा तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को रैली में पहुंचने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु के मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा एवं अनुशासन के साथ निर्वहन कर रहे हैं, ताकि कार्यक्रम को भव्य, ऐतिहासिक एवं सफल बनाया जा सके।


**नारनौंद।** सुलचानी में रैली का न्योता देने पहुंचे बिजेंद्र लोहान व अन्य।

## डीसी ने गंभीर मामलों के शीघ्र निस्तारण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जिले में चिन्हित अपराध, अनुसूचित जाति से जुड़े मामलों तथा अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि चिह्नित अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें। अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य किया जाए।


**हिसार।** जिला स्तरीय मासिक चिह्नित अपराध तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

**3 अवैध कॉलोनियों पर की कार्रवाई**

बैठक में जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि गत माह 5 कालोनियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई थी और इस माह में अभी तक 7 में से 3 ऐसी कालोनियों पर कार्रवाई की गई है। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों के विकास पर प्रभावी निगरानी रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

### सेक्टर 14 एसोसिएशन के लंबित चुनाव पर की समीक्षा : डॉ. जांगड़ा

**हिसार।** एसोसिएशन फॉर वेलफेयर सेक्टर 14 के नेताजी सुभाष पार्क में सेक्टरवासियों की आम सभा हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान अमर सिंह यादव ने की। सभा में एसोसिएशन के महासचिव डॉ. कलवंत सिंह जांगड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि सेक्टर के रखरखाव और मौजूदा सेक्टर संबंधी समस्याओं को निगम अधिकारियों से मिलकर जल्द से जल्द दूर करवाया जाएगा और आगामी चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर रिटायर्ड जरनल मदन बंसल, लेफ्टिनेंट कर्नल नेकीराम शर्मा, रिटायर्ड एक्शन सीबी गुप्ता, प्रीतम सिंह ग्रेवाल, डॉ. राजेंद्र सिंह, नरेंद्र गुप्ता, डॉ. संदीप गुप्ता, रिटायर्ड एसडीओ चंद्र सिंह धनिया, गोकुलचंद नारंग, शिवकुमार गोयल, नरेंद्र गोयल, जयवीर सांगवान आदि रहे।

## सर्वोदय अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**पुलिस और उनके परिवारों के सदस्यों का जांचा स्वास्थ्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अपनी 21 वर्षों की सेवा और समर्पण की नीति को आगे बढ़ाते हुए, सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल द्वारा न्यू पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल में एक विशेष निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए लगाया गया। इस शिविर में उपस्थित लोगों की मुफ्त ईसीजी, बीपी, शुगर और ब्लड टेस्ट किए गए। साथ ही डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श देकर मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। हिसार पुलिस के जवानों और उनके परिजनों ने सर्वोदय अस्पताल की इस जनकल्याणकारी पहल का दिल से स्वागत किया और आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का आग्रह किया।


**हिसार।** शिविर में जांच करती सर्वोदय अस्पताल की टीम।

### जवाहर नगर में गंदे पानी की सप्लाई से हाहाकार

**आदमपुर।** आदमपुर के जवाहर नगर (लाइन पार) इलाके में पिछले कई दिनों से जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूषित और बदबूदार पानी की सप्लाई की जा रही है। इससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष है और क्षेत्र में महामारी या गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। जवाहर नगर के निवासी संपत सिंह, विनोद कुमार, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, रेखा, ममता और भावना आदि ने रोष जताते हुए बताया कि पिछले लगभग 10-15 दिनों से नलों में बेहद गंदा पानी आ रहा है। ग्रामीणों ने बाल्टियों में भरा काला और मटमैला पानी दिखाते हुए कहा कि यह पानी पीने लायक तो दूर, नहाने और कपड़े धोने लायक भी नहीं है। मजबूरन लोगों को पैसों में पानी खरीदना पड़ रहा है या फिर दूषित पानी का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।


**हिसार।** विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

### बच्चों ने बनाई समुद्री जीवन को दर्शाती आकर्षक कलाकृतियां

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिपरेटरी विंग (कक्षा तृतीय से पंचम) में 'लाइफ बिलो वॉटर' थीम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 'क्यूरियस माइंड्स, लर्न, थिंक एंड क्रिएट' की भावना के साथ विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पेपर क्राफ्ट के माध्यम से समुद्री जीवन को दर्शाते हुए आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। बच्चों ने रंग-बिरंगे कागजों से मछली, ऑक्टोपस और अन्य समुद्री जीवों के मॉडल बनाए। इस गतिविधि के माध्यम से उन्होंने जल संसार की विविधता, समुद्री जीवों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता को समझा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने कहा कि बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना आवश्यक है। 'लाइफ बिलो वॉटर' थीम पर आधारित यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए सीख, सृजन और पर्यावरण जागरूकता का प्रेरणादायक अनुभव रही।

### एडवोकेट नेहा धवन को मानद डॉक्टरेट की घोषणा

**हांसी।** शिक्षा, लेखन, शोध, सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए हरियाणा के हांसी की एडवोकेट नेहा धवन को आध्यात्मिक विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) द्वारा शिक्षा, लेखन-शोध एवं सोशल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट प्रदान करने की घोषणा की गई है। यह घोषणा नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में विजन इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संत शिरोमणि 1008 जगद्गुरु स्वामी संदीपानी महाराज ने की। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों की अनेक विशिष्ट हस्तियां मौजूद रहीं। इस अवसर पर कुलाधिपति ने मंच से नेहा धवन की बहुआयामी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हें मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किए जाने की घोषणा की।


**हिसार।** अभियान के शुभारंभ अवसर पर मौजूद जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग व अन्य।

### हरियाणा स्वच्छता सप्ताह का लाडवा में आगाज

**हिसार।** हरियाणा राज्य स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के निर्देशानुसार मंगलवार से शुरू हुए हरियाणा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस पर ग्राम लाडवा में सुबह शहीद होशियार सिंह पार्क से स्वच्छता संकल्प, श्रमदान एवं पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व ग्राम पंचायत लाडवा के सरपंच रामफल पूनिया ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, जिला पार्षद जसबीर लाडवा, युवा नेता भाजपा संजीव गंगवा, ग्राम सचिव विश्वेन्द्र, पूर्व क्रिकेटर कुलदीप पूनिया, बीडीसी भूपेंद्र कांगड़ा, हैंडबॉल खेल नर्सरी कोच अशोक पूनिया, हैंडबॉल कोच महावीर पूनिया, मनबीर शर्मा, अजय श्योराण, राजेश पूनिया, कबड्डी कोच राहुल लांबा, जयबीर पंघाल तथा हैंडबॉल खेल नर्सरी के खिलाड़ियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया।

## 85.90% गणना प्रपत्र डिजिटाइज, केवल 3.17% प्रपत्र लंबित

# हिसार में एसआईआर अभियान ने पकड़ी रफ्तार

- अब तक 13,70,766 मतदाताओं में से 11,77,500 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्रों के संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त महेंद्र पाल के निर्देशन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं, जिससे प्रत्येक पात्र मतदाता का विवरण समय पर अद्यतन किया जा सके। जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक 13,70,766 मतदाताओं में से 11,77,500 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का 85.90 प्रतिशत है। वहीं 1,49,767 (10.93 प्रतिशत) मतदाता ऐसे हैं जिनसे विभिन्न कारणों से गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हो सके हैं, जबकि केवल 43,499 (3.17 प्रतिशत) प्रपत्रों का कार्य लंबित है।

### नारनौंद सबसे आगे, हिसार सबसे पीछे



विधानसभा क्षेत्रवार प्रगति के अनुसार नारनौंद विधानसभा में सबसे अधिक 90.94 प्रतिशत गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं। इसके बाद आदमपुर में 89.87 प्रतिशत, बरवाला में 87.97 प्रतिशत, हांसी में 87.40 प्रतिशत, नलवा में 86.22 प्रतिशत, उकलाना में 85.93 प्रतिशत तथा हिसार विधानसभा में 72.19 प्रतिशत प्रपत्र डिजिटाइज किए गए हैं। डीसी महेंद्र पाल ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि यदि किसी कारणवश अभी तक उनका गणना प्रपत्र जमा नहीं हो पाया है तो वे अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर शीघ्र प्रपत्र भरकर उपलब्ध करवाएं।

### बीएलओ अब 24 तक घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन

भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित सभी गतिविधियां निर्धारित तिथियों के अनुसार संपन्न की जाएंगी। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य अब 24 जुलाई तक जारी रहेगा। इसी अवधि तक मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थीकरण का कार्य भी पूरा किया जाएगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस के एंटी व्हीकल थेफ्ट (एवीटी) स्टाफ ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी जींद जिले के सुरबरा निवासी विक्की को गिरफ्तार किया है। बरामद मोटरसाइकिल वर्ष 2021 में जींद जिले के उचाना थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित दयाल सिंह कॉलोनी रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा कर मौके पर ही काबू कर लिया। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल जींद जिले के उचाना निवासी विजय कुमार की है, जो वर्ष 2021 में चोरी हो गई थी। इस संबंध में थाना उचा

### नारनौंद थाना प्रभारी का तबादला, जितेंद्र नए प्रभारी

**नारनौंद।** नारनौंद थाना प्रभारी रमेश कुमार का हिसार में तबादला हो गया है उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह को नया थाना प्रभारी लगाया गया हैं। नवनियुक्त थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी की पूरे क्षेत्र में नशे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाएगा और रात में होने वाली चोरियों पर लगाम लगाने के लिए गस्त को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाली शिकायतकर्ताओं के साथ सभी पुलिसकर्मी अच्छा व्यवहार करें और प्राथमिकता के आधार पर उनकी शिकायत को दूर करने का काम करें। पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह पुलिस का सहयोग करें।


जितेंद्र सिंह।

### भेंट किए 400 स्टील बर्तनों के सेट

**हिसार।** रोटरी हिसार ने अपने सामाजिक सेवा अभियान के तहत मंगलवार को सेक्टर-14 स्थित प्रसादम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरी भरी वसुंधरा समिति को 400 स्टील के बर्तनों के सेट भेंट किए। रोटरी हिसार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटेरियन शशि लोहिया, पंकज गर्ग और दीपक बंसल का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से जरूरतमंदों के हित में उपयोगी स्टील बर्तनों के सेट समिति को सौंपे गए। इस अवसर पर रोटरी हिसार के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दयानंद सिंगल, अश्विनी गर्ग, मोहित गुप्ता, अनिता भंडारी, सुरेंद्र मित्तल, संजय गर्ग, अरविंद बंसल एवं योगेश मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### तीन विद्यार्थियों का जिंदल सॉ लिमिटेड में चयन

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के तीन विद्यार्थियों का जिंदल सॉ लिमिटेड नासिक, महाराष्ट्र में चयन हुआ है। कंपनी द्वारा गत 27 अप्रैल को साक्षात्कार का आयोजन ऑनलाइन माध्यम द्वारा लिया गया। इस कैम्पस में मैक्नीकल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष संजय कुमार, सुरेश कुमार व संजीव कुमार ने बताया कि इस पूल कैम्पस ड्राइव में लगभग 30 छात्रों ने भाग लिया। कम्पनी ने सभी छात्रों में से पुष्कर, शरद व नितिन का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया है तथा सभी चयनित छात्रों को जुलाई में नियुक्ति दे दी जाएगी। सभी चयनित छात्रों को 4.00 लाख का पैकेज तथा खाने के साथ साथ मुफ़्त रहने की भी सुविधा भी मिलेगी। प्रधानाचार्य जगमोहन दुहन व टीपीओ डॉ. मुकेश बंसल ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

# मेयर के नेतृत्व में 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान की शुरुआत

## रेलवे स्टेशन के पास से खत्म किया जीवीपी प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान के तहत हिसार में भी विशेष कदम उठाए गए हैं। मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा के नेतृत्व में मंगलवार को अभियान का विधिवत शंखनाद किया गया। आगामी 19 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हिसार शहर को पूरी तरह स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाना है, ताकि स्थानीय नागरिकों को एक स्वस्थ और साफ-सुथरा वातावरण मिल सके। अभियान के पहले ही दिन नगर निगम की टीम ने रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित जीवीपी (गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट) को पूरी तरह समाप्त कर दिया। मौके पर विशेष सफाई अभियान चलाकर बरसों से जमा कचरे को पूरी तरह उठवाया गया।


**हिसार।** 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान के मौके पर उपस्थित मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त सी जयाश्रद्धा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### अभियान में ये रहे मौजूद

अभियान के अवसर पर अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, सफाई निरीक्षक कपिल, एएसआई राहुल सैनी, राहुल पंवार, विजेता, प्रवीण सहित नगर निगम के तमाम अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कर्मी मौजूद रहें और अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### खाली प्लॉट के मालिक पर लगेगा जुर्माना

अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक खाली प्लॉट में लंबे समय से पड़े ठोस कचरे को भी निगम की टीम ने साफ किया। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाली प्लॉट से कचरा उठाने में जो भी खर्च आया है, उसे प्लॉट मालिक के प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़कर वसूल किया जाए। भविष्य में वहां दोबारा कचरा न फेंका जाए, इसके लिए संबंधित जीवीपी प्वाइंट की उचित तारबंदी करवाई जाए। मेयर प्रवीण पोपली एवं निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने ने शहरवासियों से अपील की है कि वे हिसार को सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

### भूमि हड़पने के लिए धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** भूमि संबंधी धोखाधड़ी, जालसाजी एवं फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों की संपत्ति हड़पने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन हिसार पुलिस को एक सफलता मिली है। भूमि धोखाधड़ी एवं जालसाजी के मामले में आरोपी सुभाष चन्द्र निवासी न्यू मॉडल कॉलोनी, कैमरी रोड को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आपसी मिलीभगत एवं पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत मृत व्यक्ति के स्थान पर नकली व्यक्ति खड़ा कर, फर्जी मुख्त्यारनामा, फर्जी दस्तावेज, गलत इंतकाल, फर्जी रजिस्ट्रियां एवं सिविल डिक्रियां तैयार कर करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा धोखाधड़ी करने का प्रयास किया। शिकायत की जांच उपरांत तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान आरोपी सुभाष चन्द्र की संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया।



## सीड बॉल बनाकर विद्यार्थियों ने दिया हरित हरियाणा का संदेश

- हरियाणा वृक्ष दिवस पर जीएमएसएसएस नहर कोठी, बरवाला में अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

हरियाणा वृक्ष दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएमएसएसएस), नहर कोठी, बरवाला में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायक गतिविधि आयोजित की गई। विद्यालय की कक्षा 12वीं के भूगोल के विद्यार्थियों ने भूगोल अध्यापिका पिंकी के मार्गदर्शन में 'सीड बॉल' तैयार कर हरित हरियाणा का संदेश दिया। छात्रों ने मिट्टी और जैविक खाद की सहायता से सीड बॉल तैयार किए तथा प्रत्येक सीड बॉल में एक-एक बीज डाला। जैविक खाद बीजों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने के साथ उन्हें कीटों से सुरक्षित रखने में मदद करती है, जबकि मिट्टी की परत बीजों को सुरक्षित रखती है। बारिश होने पर ये सीड बॉल धीरे-धीरे गल जाएंगे।

### जागरूक किया गया

*इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण के महत्व तथा प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों के बारे में भी जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज गुप्ता ने विद्यार्थियों एवं भूगोल अध्यापिका पिंकी के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा वृक्ष दिवस केवल पौधे लगाने का ही नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लेने का भी अवसर है।*

## चेन स्नैचिंग का आरोपी काबू, अन्य की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले में स्नैचिंग, लूट एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर पुलिस ने चेन स्नैचिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

- गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

थाना सदर हिसार में तैनात सहायक उप निरीक्षक महेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मोनू पुत्र रमेश कुमार निवासी इंद्रा कॉलोनी, शीतला माता मंदिर के पास, गंगवा को गिरफ्तार किया है। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने थाना सदर हिसार में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह चंदन नगर एवं लुदास चौक साउथ बाइपास के बीच पहुंचा तो मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने उसके गले से चांदी की चेन छीन ली तथा उसकी मोटरसाइकिल की चाबी लेकर मौके से फरार हो गए।

### तकनीकी साक्ष्य से सफलता

शिकायत के आधार पर थाना सदर हिसार में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य गुप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपी मोनू की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार जिला जेल बन्द क

### ट्रकों से बैटरी चोरी में दूसरा आरोपी काबू



**बरवाला।** बरवाला पुलिस ने ट्रकों से बैटरी चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपी रणधीर निवासी वार्ड नंबर-7 को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। थाना बरवाला के एसआई कुलबीर सिंह ने बताया कि 18 मार्च को अजमेर निवासी हसनगढ़ की शिकायत पर सूर्या होटल के पास खड़े ट्रकों से 10 बैटरियां चोरी होने का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पहले आरोपी साहिल उर्फ जुड़ी को गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर चार चोरी की बैटरियां बरामद हुई थीं। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रणधीर को गिरफ्तार कर लिया।

## बुधला संत मंदिर में नेत्रोत्सव व भजन संध्या आज

- प्रसिद्ध भजन गायक भैय्या दिव्य दास करेंगे भजनों की वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रीभगवान जगन्नाथ व श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति, सेक्टर 14 के तत्वाधान में 16 जुलाई को बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से तीसरी भगवान श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। धूमधाम से निकाले जाने वाली इस यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस सम्बंध में मंदिर प्रांगण में आयोजित पत्रकार वार्ता में समाजसेवी सज्जन मित्तल, शरद उपाध्याय, रामधारी गोयल, हनुमान प्रसाद कंसल, प्रेम खेड़ा वाले व पवन अग्रवाल ने बताया कि जगन्नाथ पुरी की तरह हुबहू नगर में तीसरी बार रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर विधायक सावित्री जिंदल के सान्निध्य में होने वाले कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्यातिथि होंगे। ज्योत प्रज्जवलन पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि फतेहाबाद के उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व मेयर प्रवीन पोपली होंगे। रथ यात्रा के उपलक्ष्य में 15 जुलाई को सायं 5:15 बजे मंदिर प्रांगण में ठाकुरजी का नेत्रोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर नगर के अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। नेत्रोत्सव के साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक भैय्या दिव्य दास भजनों की वर्षा करेंगे। इस मौके पर समिति से जुड़े सेवादार सीए राजेश गर्ग, अनुप गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, सुरेन्द्र लाहौरिया, अनिल मित्तल, नीरज अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, अंकुर बंसल एडवोकेट, मुकुल मित्तल सीए, कमल मित्तल, अंजनी कंसल आदि मौजूद रहे।


**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते जगन्नाथ रथ यात्रा सेवा समिति के सेवादार सज्जन मित्तल, शरद उपाध्याय, रामधारी गोयल, पवन अग्रवाल व अन्य।

### 16 को श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी

16 जुलाई को सायं 4:15 बजे भव्य श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी जो बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से चलकर आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करेगी। सेवादारों ने बताया कि रथ यात्रा के मुख्य आकर्षण में हनुमानजी की पावन ध्वजा, विशाल रथ को नंगें पैरों से भक्तों द्वारा खींचा जाएगा तथा रथ के आगे का पूरा रास्ता झाड़ू लगाकर साफ किया जाएगा।

### गुरु गोरखनाथ राजकीय कॉलेज में 18 को लगेगा रोजगार मेला

**हिसार।** जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मॉडल रोजगार कार्यालय एवं गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 18 जुलाई को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के सावित्रीबाई फुले ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने बताया कि रोजगार मेले में 35 से 40 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां एवं संस्थान भाग लेंगे और विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। मेले में सर्वेश हॉस्पिटल, जिंदल हॉस्पिटल, आईईसीएस कंप्यूटर एजुकेशन, एलन करियर इंस्टीट्यूट हिसार, एनआईआईटी लिमिटेड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम आदि कंपनियां भाग लेंगी।

- 35 से 40 प्रतिष्ठित कंपनियां लेंगी भाग

## शो जंपिंग अश्वारोहण स्पर्धा में कैडेटों ने दिखाया हुनर

- 22 राइफल से फायरिंग प्रशिक्षण देकर मजबूत किए सैन्य कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे वन हरियाणा आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन कैडेटों के लिए कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कैडेटों ने सैन्य प्रशिक्षण से लेकर खेलकूद, स्वास्थ्य और आपातकालीन जीवनरक्षक कौशलों को करीब से सीखा। मंगलवार को मुख्य आकर्षण शो जंपिंग अश्वारोहण प्रतियोगिता रही। इस प्रतियोगिता में कैडेटों ने अलग-अलग कठिन बाधाओं को सफलतापूर्वक पार करते हुए अपने बेहतरीन घुड़सवारी कौशल का परिचय दिया। कैडेटों का घोड़ों पर नियंत्रण, उनका आत्मविश्वास और संतुलन वाकई काबिले तारीफ रहा। सैनिक प्रशिक्षण को और मजबूत करने के लिए कैडेटों को 22 राइफल के माध्यम से फायरिंग प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के शैक्षणिक सत्र में सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के खाद्य एवं पोषण विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक डॉ. संगीता चाहल ने शिरकत की। आहार में मोटे अनाज (मिलेट्स) का महत्व विषय पर कैडेटों को संबोधित किया। डॉ. चाहल ने बताया कि मिलेट्स किस प्रकार हमारे स्वास्थ्य के लिए वरदान हैं। पोषण मूल्य, संतुलित आहार और दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।


**हिसार।** शो जंपिंग अश्वारोहण प्रतियोगिता में हिस्सा लेती कैडेट। *फोटो : हरिभूमि*

### गुजवि के 13 विद्यार्थियों को मिले प्लेसमेंट ऑफर

**हिसार।** गगुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजवि) के 13 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित ऑन-कैंपस और ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से विद्यार्थियों को मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग, फूड प्रोसेसिंग, इंडस्ट्रियल गैस, ग्रामीण विकास और प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी क्षेत्र में करियर के अवसर मिले हैं।कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय की बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था, उद्योग आधारित पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों के कौशल विकास का परिणाम है। सहायक प्लेसमेंट निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि विभिन्न कंपनियों में बीटेक, एमबीए और अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनमें बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स, मुंजाल शोवा, एचएसआरएलएम, विजनोवा मल्टीसोर्स, गुप्ता ऑक्सीजन, कैल्प्रो फूड ग्रीनपैक ग्रुप जैसी कंपनियां शामिल हैं।

## कराटे प्रतियोगिता में एसडी मॉडर्न का दमदार प्रदर्शन

### वैदिक ने स्वर्ण, देवांश व अक्षत ने कांस्य पदक जीता


**हांसी।** कराटे प्रतियोगिता में पदक विजेता विद्यार्थी स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह के साथ।

**हांसी।** हांसी स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से आयोजित कराटे महासंग्राम सीजन-2 प्रतियोगिता में एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में कई राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्कूल के कक्षा छठी के छात्र वैदिक ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि देवांश और कक्षा आठवीं के अक्षत ने कांस्य पदक जीते। प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और धैर्य की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हिस्ट्रीशीटर आरोपी अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**हिसार।** जिले में अवैध हथियार रखने वालों एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी 12 क्वार्टर की टीम ने एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। इस संबंध में पुलिस चौकी 12 क्वार्टर प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही अजयदीप अपनी पुलिस टीम के साथ रायपुर रोड स्थित खंडहर बिल्डिंग के पास गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को पुलिस वाहन देखकर तेजी से खंडहर बिल्डिंग की ओर जाते हुए देखा। युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे काबू किया तथा उसकी तलाशी ली। इस दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तोल बरामद हुई।गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरज उर्फ असमान निवासी रूपनगर, 12 क्वार्टर, हिसार के रूप में हुई है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर है तथा उसके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं।



### पुलिस अधिकारियों को दिया विशेष प्रशिक्षण

**बरवाला।** थाना बरवाला में अनुसंधान अधिकारियों के लिए एनडीपीएस एक्ट, साइबर इन्वेस्टिगेशन और गूगल वर्कस्पेस विषयों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएस वाइज कोर्स आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निरीक्षक कंवर पाल ने थाना बरवाला में तैनात सभी अनुसंधान अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के मामलों की जांच में अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रियाओं, साक्ष्यों के वैज्ञानिक संकलन, साइबर अपराधों की तकनीकी जांच तथा गूगल वर्कस्पेस के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### गुजवि तथा ईयूईआइसी के बीच हुआ एमओयू, वैश्विक शिक्षा की दिशा में बढ़ाया कदम

# गुजवि में इयूईआईसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और कोरिडोर हब लाइट की होगी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, कौशल विकास, छात्र गतिशीलता, अनुसंधान, इंटर्नशिप एवं वैश्विक रोजगार के अवसरों को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यूरोपियन यूनियन इंगेजमेंट एंड इंफोर्मेशन सेंटर (ईयूईआईसी), मोहाली के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में इयूईआईसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा कोरिडोर हब लाइट की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को यूरोपीय देशों में उच्च शिक्षा, भाषा प्रशिक्षण, कौशल विकास, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट तथा अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक सहयोग के व्यापक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। एमओयू पर गुजवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा ईयूईआईसी मोहाली की ओर से अध्यक्ष मनोज चौहान ने हस्ताक्षर किए।


**हिसार।** एमओयू का आदान-प्रदान करते गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा ईयूईआईसी मोहाली के अध्यक्ष मनोज चौहान। *फोटो : हरिभूमि*

### उच्च शिक्षा का दायरा बढ़ा : प्रो. बिश्नोई

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा का दायरा राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़ चुका है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय अवसरों से जोड़ना तथा उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करना है। उन्होंने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, अनुसंधान सहयोग, कौशल विकास तथा रोजगार के नए द्वार खोलेगा और विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

### विद्यार्थियों को मिलेगा प्रभावी मंच : चौहान

ईयूईआईसी के अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि भारत और यूरोप के बीच शिक्षा, कौशल विकास तथा संस्थागत सहयोग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह साझेदारी की गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाला सेंटर ऑफ एक्सिलेंस एवं कोरिडोर हब लाइट विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, उद्योगों से जुड़ाव, इंटर्नशिप, वैश्विक रोजगार तथा करियर मार्गदर्शन के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा। ईयूईआईसी के संस्थापक एवं चेयरमैन जसमीत सैनी ने कहा कि इस समझौते के माध्यम से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, कौशल विकास, भाषा प्रशिक्षण, शोध में मौका मिलेगा।



### डॉ. अंजू चौधरी ने राजकीय महाविद्यालय में डीडीओ का कार्यभार संभाला

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय महाविद्यालय, मंगाली की प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी ने महाविद्यालय के ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर (डीडीओ) का कार्यभार विधिवत ग्रहण किया। इस अवसर को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। डॉ. अंजू चौधरी ने कहा कि प्रशासनिक दायित्वों का सफल निर्वहन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और हरित परिसर का निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा।